**2025**

**HINDI**

Total Marks :80 Time : 3 hours

General Instructions :

*i) Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*

*ii) The question paper consists of 16 main questions.*

*iii) Internal choice has been provided in some questions.*

*iv) Write the correct question number in your answer sheet to indicate the option being attempted.*

***N. B : Check that all pages of the question paper are complete as indicated on the top left side.***

**SECTION-A ( उपठित बोध)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

महात्मा गाँधी अपने काम अपने हाथ से करने पर बल देते थे | वह प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह अपने शरीर से संबंधित प्रत्येक कार्य सफाई तक स्वयं करेगा | उनका कहना था कि जो श्रम नहीं करता है, वह पाप करता है और आपका अन्न खाता है | ऋषि मुनियों ने कहा - बिना श्रम किए जो भोजन करता है, वह वस्तुत : चोर है | महात्मा - गाँधी का समस्त जीवन - दर्शन श्रम सापेक्ष था | उनका समस्त अर्थ - शास्त्र यही बताता था कि प्रत्येक उपभोक्ता को उत्पादनकर्ता होना चाहिए | उनकी नीतियों की उपेक्षा करने के परिणाम हम आज भी भोग रहे हैं | न गरीबी कम होने में आती है, न बेरोजगारी पर नियन्त्रण हो पा रहा है और न अपराधों की बढावा हमारे वश की बात रही है | दाक्षिण कोरियावासियों ने श्रमदान करके ऐसे श्रेष्ठ भवनों का निर्माण किया है , जिनसे किसी को भी ईर्ष्या हो सकता है | श्रम की अवज्ञा के परिणाम का सबसे ज्वलंत उदाहरण है हमारे देश में व्याप्त शिक्षित वर्ग की बेकारी | हमारा शिक्षित युवा वर्ग शारीरिक श्रमपरक कार्य करने से परहेज करता है, वह यह नहीं सोचता है कि शारीरिक श्रम परिणामतःकितना सुखदायी है |

a. गाँधी जी प्रत्येक आश्रमवासी से आशा करते थे कि वह - **1**

(i) आत्मनिर्भर बने

(ii) परिश्रमी बने

(iii) अपने शरीर से संबंधित प्रत्येक कार्य स्वयं करें

(iv) आश्रम के काम में योगदान दे |

b. प्रस्तुत गद्यांश में चोर व्यक्ति किसे कहा गया है ? **1**

(i) जो चोरी करता है (ii) जो श्रम नहीं करता है

(iii) जो बिना श्रम किए भोजन करता है (iv) जो पाप करता है |

c. महात्मा गाँधी का अर्थशास्त्र क्या बताता है ? **1**

(i) प्रत्येक व्यक्ति को केवल वस्तुओं का उपभोग करना चाहिए |

(ii) प्रत्येक व्यक्ति को श्रमदान करना चाहिए |

(iii) प्रत्येक व्यक्ति को उत्पादनकर्ता होना चाहिए |

(iv) प्रत्येक व्यक्ति को श्रम की अवज्ञा करनी चाहिए |

d. दक्षिण कोरियावासियों ने श्रमदान करके ऐसा क्या किया कि किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है? **1**

(i) देश से गरीबी दूर हुई |

(ii) श्रेष्ठ भवनों का निर्माण किया |

(iii) श्रेष्ठ कला का प्रदर्शन किया |

(iv) देश वासियों की बेरोजगारी दूर हो गई|

e. श्रम की अवज्ञा से भारत पर क्या प्रभाव पड़ा ? **1**

(i) शिक्षित वर्ग में बेकारी बड़ी | (ii) शिक्षित वर्ग में रोजगार बडे |

(iii) शिक्षित वर्ग खुशहाल हो गया | (iv) इनमें से कोई नहीं

f. 'शरीर' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए | **1**

(i) कान (ii) देह (iii) बल (iv) नाक

g. महात्मा गाँधी जी किस बात पर बल देते थे ? वे क्या आशा करते थे ? **2**

h. श्रम की अवज्ञा के क्या परिणाम हो सकते है ? शिक्षित वर्ग किस बात से परहेज करता है ? **2**

**SECTION-B ( लेखन)**

**2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न- का उत्तर 100-150 शब्दों में लिखिए : 6**

a. प्लास्टिक की थैलियों से हो रही हानि के बारे में किसी समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर अपने सुझाव दीजिए |

**(अथवा)**

b. आप ABC विद्यालय के सचिव राम/ माया हैं | आप के विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी मनाया गया | इस सन्दर्भ में एक संक्षिप्त प्रतिवेदन लिखिए |

3**. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50-100 शब्द में लिखिए : 4**

a. मित्र को अपने माता – पिता के शादी की साल गिरह शुभ – अवसर पर आमंत्रण करते हुए एक पत्र लिखिए |

**(अथवा)**

b. दो छात्राएँ अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में बात चीत कर रहे हैं दोनों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए |

**SECTION-C(व्याकरण)**

**4. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1x5=5**

a. 'नमस्कार' किस संधि का उदाहरण है ?

(i) स्वर संधि (ii) व्यंजन संधि (iii) विसर्ग संधि (iv) इनमें से कोई नहीं

b. 'राजपुत्र' कौन सा समास है ?

(i) तत्पुरुष (ii) बहुव्रीहि (iii) कर्म (iv) धर्म

c. वाच्य के कितने भेद होते है ?

(i) तीन (ii) चार (iii) पाँच (iv) छह

d.'आमने – सामने 'में कौन – सी पुनरूक्ति है ?

(i) अपूर्ण (ii) पूर्ण पुनरूक्ति

(iii) अनुकरण वाचक पुनरूक्ति (iv) कोई नहीं |

e. "सरला विद्यालय जायेगी" किस काल का वाक्य है ?

(i) भूतकाल (ii) वर्तमान (iii) भविष्य (iv) इनमें से कोई नहीं

**5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1+1=2**

(a) उजाला (b) अग्नि

**6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :** **½×4=2**

(a) मित्र (b) बहादुर (c) आशा (d) सौभाग्य

**7. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए:** **½×4=2**

(a) युवा (b) जेठ (c) विधवा (d) मृग

**8. निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिय |** **1+1=2**

(a) आसमानी बातें करना (b) खून पसीना एक करना

**9. कोष्ठक में दी गयी क्रिया के सही रूप से वाक्यों के खाली स्थान भरिये -** **1x2=2**

(a) उसने आज सवेरे छह बजे जोभोसे को.................. (जागना)

(b) नोकदेन नोकर से चाय................. रहा है | (बनाना)

**10. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए :** **1x5=5**

(a) Shut the front door please.

(b) Whose book is this ?

(c) She did not cheat on the exam, as it was the wrong thing to do.

(d) Stop biting your fingernails.

(e) Be quite now!

**SECTION-D(साहित्य)**

**11. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चूनकर लिखिए:** **1x5=5**

(a) सोमा बुआ के परिवार में कोई ऐसा सदस्य नहीं था जो उनके ............. को दूर करता |

(i) समस्या (ii) अकेलेपन

(iii) परिवार (iv) दर्द

(b) सेवा देने की चीज है,................ की नहीं |

(i) लेने (ii) लिये

(iii) दी (iv) त्यागने

(c) पंचायत में किस वर्ग को विजय प्राप्त हुई ?

(i) भेड़िया (ii) बूढ़ा सियार

(iii) भेड़ (iv) धर्म गुरू

(d) “गीताञ्जलि” किस कवि की रचना है ?

(i) हरिवंश राय' बच्चन' (ii) अब्दुरहीम खान

(iii) रवीन्द्रनाथ ठाकुर (iv) कोई नहीं

(e) पर्वतों को काटकर क्या बना देते है ?

(i) पथ (ii) खेत

(iii) सड़के (iv) झरने

**12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए :- 2x6=12**

(a) नगर भर में मुलीवाले के आने का समाचार क्यों फैल गया ?

(b) गाँव के सभी युवक अरमा से क्यों जलते थे ?

(c) चुनाव की निकटता भेड़ो के लिए हर्ष और भेड़ियों के लिए संकत का कारण क्यों बन रही थी?

(d) गजाधर बाबू के आने से पहले अमर ने अलग होने की बात क्यों नहीं सोची ?

(e) छिपकली, कानी कुतिया और चूहों की हालत खराब क्यों थी ?

(f) तेरा देवता वहीं चला गया है पंक्ति से कवि का क्या अभिप्राय है ?

**13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए : 4×2=8**

(a) " व्यवहार – कुशलता" पाठ के लेखक कौन है ? उनका जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
लोगो को हमरी सहनुभूति की सबसे अधिक आवश्यकता कब और होती है ?

**(अथवा)**

समधी के यहाँ विवाह में भाग लेने के लिए सोमा बुआ ने क्या – क्या तैयारियां की ?

(b) संगति का असर किस प्रकार पड़ता है | यह बात रहीम ने कैसे समझायी है ?

**14. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

गीत मेरे, देहरी के दीप - सा बन |
एक दुनिया है ह्रदय में मानता हूँ
वह घिरी तम से , इसे भी जानता हूँ
छा रहा है किंतु बाहर भी तिमिर -घन ;
गीत मेरे देहरी के दीप - सा बन |
प्राण की लौ से तुझे जिस काल बारू

और अपने कण्ठ पर तुझको सवारूँ
कह उठे संसार, आया ज्योति का क्षण ;
गीत मेरे देहरी के दीप - सा बन |

i) कवि के हृदय की दुनिया किससे घिरी हुई है ? **1**

ii) कवि किसे देहरी के दीप जैसे बनने को कह रहा है ? **1**

iii) बाहर की दुनिया में क्या छाया हुआ है ? **1**

iv) कवि किसको अपने कण्ठ पर सँवारना चाहता है ? **1**

v) आया ज्योति का क्षण कौन कह उठेगा ? **1**

15. निम्नलिखित गघांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(a) गजाधर बाबू खुश थे, बहुत खुश! पैतीस साल की लम्बी नौकरी के बाद रिटायर होकर घर जा रहे थे| इन वर्षों में अधिकांश समय उन्होंने अकेले रहकर काटा था | उन अकेले क्षणों में उन्होंने उसी समय की कल्पना की थी जब वे अपने परिवार के साथ रह सकेंगे | इसी आशा के सहारे वे अपने अभाव का बोझ ढो रहे थे | सांसारिक दृष्टि से उनका जीवन सफल कहा जा सकता था | उन्होंने शहर में मकान बनवा लिया था| बड़े लड़के अमर और लड़की क्रांति की शादियाँ कर दी, दो बच्चे ऊँची कक्षाओं में पढ़ रहे थे |

(i) गजाधर बाबू कितने वर्षों के बाद रिटायर होकर आ रहें थे ? **1**

(ii) सांसारिक दृष्टि से किनका जीवन सफल कहा जा सकता है ? **1**

(iii) गजाधर बाबू के कितने बच्चे थे ? **1**

(iv) गजाधर बाबू किस आशा के सहारे अपने अकेलेपन का बोझ दो रहे थे ? **1**

(v) "सफल" का विलोम शब्द लिखिए | **1**

**(अथवा)**

(b) कविता के मर्मज्ञ और रसिक स्वयं कवि से अधिक महान होते है | संगीत के पागल सुनने वाले ही स्वयं संगीतकार से अधिक संगीत का रसास्वादन करते हैं | यहाँ पूज्य नहीं पुजारी ही श्रेष्ठ है | यहाँ सम्मान पानेवाले नहीं सम्मान देनेवाले महान है | स्वयं पुष्प में कुछ नहीं है पुष्प का सौन्दर्य उसे देखने वाले की दृष्टि में है | दुनिया में कुछ नहीं है | जो कुछ भी है हमारे चाह में, हमारे दृष्टि में ही है | यह अद्‌भुत भारतीय व्याख्या अजीब - सी लग सकती है, पर हमारे पूर्वज सदा इसी पथ के यात्री रहे है | |

(i) कवि से अधिक महान कौन होते हैं ? (1)

(ii) संगीत का रसास्वादन कौन करते हैं ? (1)

(iii) किसे श्रेष्ठ बताया गया है ? (1)

(iv) " पुष्प" का दो पर्यायवाची शब्द लिखिए | (1)

(v) "सौन्दर्य" का विलोम शब्द लिखिए | (1)

16. निम्नलिखित में से किसी एक पद्य खंड की संदर्भ तथा प्रसँग सहित व्याख्या कीजिए: **5**

( a) संगति दोषु, लगौ सबनु, कहे ते साँचे बैन |
कुटिल-बंक भ्रुव संग भए, कुटिल बंक गति नैन ||

**(अथवा)**

(b) लोग जब ऐसे, समय पाकर जनम लेंगे कभी |
देश की ओ जाति की होगी भलाई भी तभी ||

*************************************